कक्षा 6 हिंदी व्याकरण
पाठ 2
वर्ण विचार

1. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो –

क वर्ण किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर – वह मूल ध्वनि जिसके खंडया टुकड़े ना किए जा सकें वर्ण कहलाते हैं।

ख दीर्घ स्वर किसे कहते हैं? इनकी संख्या कितनी है?

उत्तर – जिन वर्णो के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से दुगना समय लगता है। दीर्घ स्वर कहलाते हैं। यह संख्या में सात हैं। आ,ई,ऊ,ए, ऐ,ओ,औ।

ग स्पर्श व्यंजन किसे कहते हैं? कौन कौन से वर्ण इसके अंतर्गत आते हैं?

उत्तर – जिन वर्णो के उच्चारण में जिह्वा मुख के विभिन्न भागों को स्पर्श करती है, वे स्पर्श व्यंजन कहलाते हैं। 'क' से लेकर 'म' तक के वर्ड स्पर्श व्यंजन कहलाते हैं।

घ ऊष्म व्यंजन से क्या तात्पर्य है?

उत्तर – जिन वर्णो के उच्चारण में मुख से गर्म वायु निकलती है वे ऊष्म व्यंजन कहलाते हैं।

2. सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

क हिंदी में स्वरो की संख्या **ग्यारह** है।

ख तवर्ग में **त्, थ्, द्, ध्, न्** व्यंजन आते है।

ग क्ष्, त्र्, ज्ञ **संयुक्त** व्यंजन कहलाते है।

घ **अं, अः** को अयोगवाह कहते है।

ङ चंद्रबिंदु ( ँ )को **अनुनासिक** भी कहते हैं।

3. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद करो

क अरविंद = अ् + र् + अ + व् + इ + न् + द् + अ्

ख परिवार = प् + अ + र् + इ + व + आ + र् + अ

ग रमानाथ = र् + अ् + म् + आ + न् + आ + थ् + अ

घ सहानुभूति = स् + अ् + ह् + आ + न् + उ + म् + ऊ + त् + इ

ङ क्षत्रिय = क्ष + अ + त्र् + इ + य + अ

4. सही मिलान करो–

| | |
|---|---|
| (क) ऊष्म व्यंजन | प्, फ्, ब्, भ्, म् –3 |
| (ख) अयोगवाह | य्, र्, ल्, व् –5 |
| (ग) पवर्ग | श्, ष्, स्, ह् –1 |
| (घ) संयुक्त व्यंजन | अं, अः –2 |
| (छ) अंतःस्थ व्यंजन | क्ष्, त्र्, ज्ञ्, श्र् –4 |

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) स्वर के भेद होते हैं–

(अ) दो (ब) तीन (✓) (स) चार

(ख) 'क्' से 'म्' तक के वर्ण आते हैं–

(अ) स्पर्श व्यंजन में (✓) (ब) ऊष्म व्यंजन मे (स) अंतःस्थ व्यंजन में

(ग) र् + + प् + आ मिलकर बनता है–

(अ) रुपा (✓) (ब) रूपार (स) रुपा